अमर उजाला उधमपुर-अ

न्यूज डायरी

# जम्मू-कश्मीर के तीन सरपंच उत्तराखंड में सम्मानित



**चिनैनी।** प्रदेश के तीन सरपंचों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आयोजित एक समारोह में कश्मीर में अकिंगम बी के सरपंच नानाजी वाटल, सिरा ए के सरपंच मखन सिंह मन्हास और वेरलेन पश्चिम ए कठुआ की सरपंच पिंकी देवी को आत्मनिर्भर भारत राष्ट्रीय ग्राम्य सशक्तीकरण पुरस्कार 2022 से नवाजा गया। उत्तराखंड की पंचायती राज और खेल मंत्री रेखा आर्या ने उन्हें पुरस्कार प्रदान किए। मौके पर कृषि एवं वन मंत्री सुबोध उनियाल भी उपस्थित थे। इस समारोह में कुल 32 सरपंचों को पुरस्कृत किया गया। संवाद